# देश स्टार्टअप इकोसिस्टम में दुनिया में तीसरे नंबर पर

**उपलब्धि 1**

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

यूपी चैप्टर पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने सिडबी और राजीव अकादमी फॉर टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के सहयोग से नया व्यवसाय शुरू करने के अवसर पर एक वर्चुअल सत्र आयोजित किया।

इस अवसर पर सिडबी के जनरल मैनेजर राजीव कुमार ने कहा कि हमारे देश में शिक्षा का स्तर बहुत उच्च है। इसलिए इनोवेशन भी बहुत हो रहे हैं। भारत दुनिया में स्टार्टअप इकोसिस्टम में तीन नंबर पर है। हर महीने तीन यूनिकॉर्न हमारे देश में पैदा हो रहे हैं जिसकी वैल्यूएशन एक बिलियन से ज्यादा है। भारत में 65 यूनिकॉर्न हो गए हैं। स्टार्टअप ईको सिस्टम केंद्र सरकार बहुत तेजी से विकसित कर रही है।

## कोक्रेन यूनाइटेड किंगडम से केजीएमयू को मान्यता

**2** केजीएमयू कोक्रेन का सदस्य बन गया है। यूनाइटेड किंगडम के संस्थान कोक्रेन से मान्यता मिलना केजीएमयू के लिए बड़ी उपलब्धि है। केजीएमयू के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. डी हिमांशु का कहना है कि देशभर में कोक्रेन के नौ सेंटर हैं। यह चिकित्सा के क्षेत्र में शोध करने के साथ उच्च स्तरीय इलाज के लिए गाइडलाइन तय कराने में विश्व स्वास्थ्य संगठन समेत अन्य संस्थाओं की मदद करते हैं। केजीएमयू वीसी डॉ. बिपिन पुरी ने बताया कि केजीएमयू बहुत जल्द पूरे भारत के डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण देगा।